<u>संघ लोक सेवा आयोग</u>

<u>नोट</u>

<u>राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौसेना अकादमी परीक्षा (I), 2017</u>

संघ लोक सेवा आयोग दिनांक 23 अप्रैल, 2017 (रविवार) को देशभर के 41 केन्द्रों के विभिन्न परीक्षा स्थलों पर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौसेना अकादमी परीक्षा (I), 2017 का आयोजन करेगा। केवल **दिल्ली से बाहर के उम्मीदवारों के लिए** ई-प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट http://www.upsc.gov.in पर अपलोड कर दिए गए हैं, जिन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। दिल्ली केन्द्र के उम्मीदवारों के ई-प्रवेश पत्र बाद में अपलोड किए जाएंगे। अस्वीकृति का (के) कारण दर्शाते हुए अस्वीकृति पत्र भी उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए ई-मेल के जरिए उन्हें पहले ही भेज दिए गए हैं। यदि किसी आवेदक को अपना ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में असुविधा हो रही है, तो वह संघ लोक सेवा आयोग के सुविधा केन्द्र की दूरभाष संख्या 011-23381125, 011-23385271 तथा 011-23098543 पर कार्य दिवसों के दौरान पूर्वाह्न 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे के बीच संपर्क कर सकता है। उम्मीदवार फैक्स सं. 011-23387310 पर फैक्स संदेश भी भेज सकते हैं। **उम्मीदवार कृपया यह नोट करें कि कोई कागजी प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।**

2. ई-प्रवेश पत्र पर फोटोग्राफ मुद्रित अथवा उपलब्ध न होने के मामले में, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा-स्थल पर परीक्षा देने के लिए अपने साथ दो (2) समरूप फोटोग्राफ (प्रत्येक सत्र के लिए एक-एक) और ई-प्रवेश पत्र के प्रिंटआउट के साथ पहचान का प्रमाण, जैसे पहचान पत्र (स्कूल/कालेज का विद्यार्थी पहचान पत्र), मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट आदि लेकर आएं।

3. <u>यदि किसी उम्मीदवार ने किसी प्रकार का अभ्यावेदन दिया है, तो उन्हें अपने ई-मेल की जांच करने की सलाह दी जाती है</u>। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे निम्नलिखित का भी प्रिंटआउट निकाल लें :

(i) **ई-प्रवेश पत्र** और

(ii) उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण अनुदेश **(इन्हें समयपूर्व ध्यानपूर्वक पढ़ लें)**। विगत में ऐसे मामले ध्यान में आए हैं, जब अंतिम समय में सर्वर के ओवरलोड होने के कारण कुछ उम्मीदवारों को सर्वर को एक्सेस करने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। **अंतिम समय की हड़बड़ी से बचने के लिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ई-प्रवेश पत्र पहले ही डाउनलोड कर लें।**

कृपया नोट करें: परीक्षा प्रारंभ होने के बाद, अर्थात् दिनांक 23/04/2017 के बाद, डुप्लीकेट ई-प्रवेश पत्र जारी नहीं किए जाएंगे।

<u>मोबाइल फोन वर्जित हैं</u>

अपने साथ मोबाइल फोन लाने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा भवन परिसर में मोबाइल फोन के साथ प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली-110069 - 28 मार्च, 2017 / 7 चैत्र, शक 1938-39